सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 116 | इंदौर, सोमवार 10 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. फिजा में 'जहर' बरकरार: दिल्ली के आसमान में धुंध... AQI 400 के करीब; जानें NCR में कितनी 'जहरीली' हुई हवा
2. Trump: 'लोकतंत्र के लिए यह कितनी भयानक बात है', ट्रंप ने भाषण से छेड़छाड़ विवाद पर बीबीसी अधिकारियों को फटकारा
3. US Shutdown: अमेरिका में सरकारी शटडाउन खत्म होने के करीब, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बोले- समझौते पर बनी सहमति
4. SpiceJet Incident: स्पाइसजेट फ्लाइट में इंजन खराबी, कोलकाता में हुई इमरजेंसी लैंडिंग; सभी यात्री सुरक्षित

# 'देश के दुश्मनों के सुर में सुर मिलाती है कांग्रेस'

## बिहार में गरजे CM बोले- जो राम का नहीं, वो किसी का नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को पूर्वी चंपारण जिले की ढाका, चिरैया, नरकटिया और मोतिहारी विधानसभाओं में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जोरदार चुनाव प्रचार किया। उन्होंने ढाका में रोड शो किया और कई जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और उसका गठबंधन देश के दुश्मनों के सुर में सुर मिला रहा है, जिन्होंने देश में अशांति फैलाने और हिंदू-मुस्लिम दंगे कराने का काम किया। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) ही जनकल्याण की भावना के साथ कार्य कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से बदल रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती सीता माता की जन्मभूमि है, जहां से भगवान राम के जीवन में रामराज्य का उदय हुआ। डॉ. यादव ने कहा कि जो भगवान राम का नहीं, वो किसी का नहीं। कांग्रेस ने वर्षों तक राम मंदिर को लेकर विवाद पैदा किया और समाज को बांटने का प्रयास किया।



### राहुल गांधी पर तीखा हमला

मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी और विपक्ष पर भी सीधा निशाना साधते हुए कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अयोध्या में राम मंदिर का भूमिपूजन हुआ, तब प्रधानमंत्री मोदी और मंदिर आंदोलन से जुड़े लोग मौजूद थे, लेकिन राहुल गांधी और उनके सहयोगी वहां नहीं पहुंचे। डॉ. यादव ने कहा कि भगवान ही इनका भला करे, जो राम के नहीं, वो किसी के नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा धर्म और आस्था का मजाक बनाती है, जबकि भाजपा ने देश की सांस्कृतिक अस्मिता को पुनर्जीवित किया है। सीएम ने कहा जब हम चुनाव में भगवान राम को याद करते हैं तो ये लोग कहते हैं कि राम की बात क्यों कर रहे हो। अरे हम राम की बात नहीं करेंगे तो क्या हराम की करेंगे?

### बिहार में बहार है, एनडीए सरकार है

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार ही विकास और कल्याण की गारंटी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को सम्मान निधि देकर खेत से लेकर सीमा तक हर वर्ग का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो बहनों को एक फूटी कौड़ी नहीं दी, जबकि हमारी सरकार दस हजार रुपये दे रही है और आगे दो लाख रुपये देने जा रही है।

### महिलाओं के सशक्तिकरण पर काम कर रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीए की सरकार किसानों की आय बढ़ाने, धार्मिक स्थलों के विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में महाकाल लोक से धार्मिक पर्यटन बढ़ा है, अयोध्या में राम मंदिर बनने से यूपी की अर्थव्यवस्था में नई जान आई है, और अब सीता मैया लोक के निर्माण से बिहार का भी भला होगा। उन्होंने कहा कि भारत अब 11वीं नहीं, चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह मोदी सरकार की नीतियों का परिणाम है।

# मध्यप्रदेश के 20 जिलों में आज शीतलहर का अलर्ट

## प्रदेश के कई शहरों में टूटा ठंड का रिकॉर्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में जारी बर्फबारी का असर अब मध्यप्रदेश पर तेजी से दिखाई दे रहा है। उत्तरी हवाओं के लगातार सक्रिय रहने से प्रदेश का बड़ा हिस्सा ठिठुरन की चपेट में है। रविवार को 10 से अधिक जिलों में कोल्ड-डे की स्थिति बनी रही, जबकि सोमवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर सहित 20 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में जारी बर्फबारी के कारण ठंडी हवाएं सीधे एमपी में प्रवेश कर रही हैं। पिछले दो दिनों में भोपाल, राजगढ़, सीहोर, इंदौर और शाजापुर में तीव्र शीतलहर चली, जबकि रीवा, शहडोल और जबलपुर में भी हालात इसी तरह रहे।

### आज यहां रहेगा शीतलहर असर

मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को भोपाल, इंदौर, आगर-मालवा, राजगढ़, सीहोर, देवास, उज्जैन, शाजापुर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, मैहर, कटनी, जबलपुर, उमरिया और शहडोल जिलों में शीतलहर असर दिखाएगी।

### इंदौर में 25 साल, भोपाल में 10 साल की सबसे सर्द रात

शनिवार और रविवार की रातों ने कई शहरों में नया ठंडा इतिहास लिख दिया। भोपाल में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज हुआ, जो पिछले 10 वर्षों में नवंबर का सबसे कम तापमान है। इंदौर में पारा 7 डिग्री तक जा गिरा-यह नवंबर महीने में पिछले 25 साल की सबसे ठंडी रात रही। यहां नवंबर का सर्वकालिक रिकॉर्ड वर्ष 1938 का है, जब तापमान 5.6 डिग्री पहुंचा था। राजगढ़ में भी पारा 7 डिग्री रहा और यह लगातार चौथी रात रही जब शहर प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। उज्जैन में न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री, ग्वालियर में 10.7 डिग्री और जबलपुर में 9.8 डिग्री दर्ज हुआ।



### सीहोर, उमरिया और रीवा में भी पारा 10 डिग्री से नीचे

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के कई इलाकों में तापमान रिकॉर्ड स्तर तक लुढ़का है। दिलचस्प रूप से पचमढ़ी में अन्य शहरों की तुलना में ठंड कम रही और यहां न्यूनतम तापमान 15 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। सीहोर में 8.5 डिग्री, उमरिया में 9.5 डिग्री, मलाजखंड में 9.6 डिग्री और रीवा में 9.9 डिग्री दर्ज हुआ। छिंदवाड़ा 10, नौगांव 10.5, मंडला 10.6, बैतूल 10.8, गुना,दमोह,शिवपुरी 11, सागर 11.5, धार 11.6, टीकमगढ़, सतना 11.8, रतलाम 12.2, दतिया 12.5, श्योपुर 12.6, खजुराहो 13, खंडवा,सीधी,नरसिंहपुर 13.4, नर्मदापुरम 13.7 और खरगोन 14.2 दर्ज किया गया।

### आने वाले दिनों में ठंड और कोहरा बढ़ेगा

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार नवंबर की शुरुआत से ही ठंड ने जोर पकड़ लिया है। आने वाले दिनों में कोहरा भी बढ़ेगा। फिलहाल देर रात और सुबह के समय ठंड अधिक महसूस की जा रही है, साथ ही हल्का कोहरा भी नजर आने लगा है।दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। रविवार को अधिकांश शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री से नीचे रहा और अनुमान है कि पारे में गिरावट का यह क्रम आगे भी जारी रहेगा।

# संदिग्ध और नशा करने वालों पर रहती है तीसरी आंख की पैनी नजर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चौराहों-सड़कों यहां तक की गलियों में पुलिस मैदान में उतरकर तो चेकिंग कर रही है। लेकिन, इंदौर पुलिस अब हाईटेक तरीके से भी ड्रोन से पेट्रोलिंग कर रही है। ड्रोन से उन शेडो एरिया में नजर रखी जा रही है। जहां संदिग्ध और नशा करने वाले छिपकर बैठे रहते हैं और आसानी से पुलिस की नजरों में नहीं आते हैं।**

कई थाना क्षेत्रों में ऐसे शेडों एरिया होते हैं जहां पुलिस की नजर नहीं जा पाती है। ऐसी जगह का फायदा संदिग्धों-असामाजिक तत्वों को मिल जाता है। ऐसे जगह पर भी पुलिस की पैनी नजर रहे इसके लिए ड्रोन पेट्रोलिंग शुरू की गई है, ताकि यहां भी नजर रखी जा सके। ड्रोन कैमरों को भी पुलिस की पेट्रोलिंग में इस्तेमाल किया जा रहा है और पुलिस की व्यवस्था को भी हाईटेक किया जा रहा है। नशा करने वाले कई बार तंग गलियों में छिपे रहते है जो आसानी से नजर नहीं आते हैं। उनकी तलाश में भी ये ड्रोन पेट्रोलिंग काफी काम आती है। ड्रोन से पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस का बल भी इलाके में मौजूद रहता है। ड्रोन से पेट्रोलिंग के दौरान जब कैमरे में पुलिस को कोई संदिग्ध मिलते हैं तो पुलिस बल को तुरंत इसकी जानकारी दी जाती है और पुलिस की दो टीमें अलग-अलग तरफ से घेराबंदी कर संदिग्धों तक पहुंचती है और उन्हें पकड़कर उनसे पूछताछ और उनकी चेकिंग करती है। इसी तरह नशा करने वालों पर भी नजर रखी जाती है। हाल ही में चंदन नगर पुलिस ने ड्रोन की मदद से नशा करने वाले को पकड़कर कार्रवाई भी की थी। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि इंदौर पुलिस द्वारा हाई-टेक ड्रोन पेट्रोलिंग की जा रही है। थाना क्षेत्रों में कुछ शेडों एरिया रहते हैं। जिन पर पुलिस की नजर नहीं जा पाती है। इसे शेडो एरिया पर नजर रखने के लिए ड्रोन पेट्रोलिंग की जा रही है।ड्रोन को पेट्रोलिंग में इस्तेमाल किया जा रहा है। कई जगह ऐसी नशा करने वाले ऐसी तंग गलियों में या ऐसी जगहों पर बैठे होते हैं, जहां पर पुलिस की नजर नहीं पहुंच पाती है।



### ये शेडो एरिया, जहां रखी जा रही ड्रोन से नजर

1. शराब की दुकानों के पीछे का खाली हिस्सा
2. खाली मैदान
3. सरकारी स्कूलों के खाली मैदान
4. रेलवे स्टेशन के पीछे का इलाका
5. बस स्टैंड के पीछे का इलाका
6. गुमटियों के आसपास खाली जगह

# सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने की पुलिसकर्मियों को दी ट्रेनिंग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रोड एक्सीडेंट में घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार देकर उनकी जान बचाने के उद्देश्य से रविवार को ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों को सीपीआर देने की ट्रेनिंग दी गई। ये ट्रेनिंग सेशन एमटीएच कम्पाउंड में किया गया। इस दौरान डीसीपी आनंद कलादगी ने भी सीपीआर दिया।**

ट्रेनिंग के दौरान वी-वन हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने पुलिसकर्मियों को हृदयगति रुकने की स्थिति में तुरंत किए जाने वाले सीपीआर के प्रत्येक चरण की जानकारी दी। साथ ही मॉक डेमो के माध्यम से बताया गया कि सड़क हादसों में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने से पहले शुरुआती मिनटों में सही तरीके से सीपीआर देने से उसकी जान बचाई जा सकती है। इस दौरान प्राथमिक उपचार से जुड़े कई प्रश्नों के जवाब विशेषज्ञों द्वारा दिए। प्रोग्राम में मौजूद पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने सीपीआर की प्रक्रिया को प्रैक्टिस कर सीखा और संकल्प लिया कि किसी भी आपात स्थिति में वे तत्काल प्राथमिक इलाज देकर लोगों की जान बचाने की हर संभव कोशिश करेंगे।

# प्रेमिका से बात कर रहा था पति, पत्नी और भाई ने रोका तो कर दी पिटाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। चदंन नगर में एक पति ने अपनी पत्नी और भाई और बहू की पिटाई कर दी। बताया जाता है कि वह अपनी प्रेमिका से बात कर रहा था। इस पर पत्नी ने रोका तो पति नाराज हो गया। दोनों में कहासनी के बीच भाई और बहू आए तो आरोपी ने सभी की पिटाई कर दी। चदंन नगर पुलिस ने काजल तलवारे की शिकायत पर उसके पति गौतम तलवारे निवासी गंगा नगर के खिलाफ शनिवार रात 11 बजे मारपीट के मामले में एफआईआर की है। गौतम के मारपीट के दौरान भाई रितेश को सिर में गंभीर चोट आ गईं। पुलिस के मुताबिक काजल ने बताया कि रात में पति घर पहुंचे। किसी महिला से मोबाइल पर बात कर रहे थे। बात करते हुए काफी देर हो गई। खाना खाने के लिए कहां तो नही खाया। इसके बाद काजल ने काफी समय से बात करने को लेकर टोका तो पति नाराज हो गया। उसने अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहां कि वह किसी से भी बात करे। उसे इस बात से क्या। आवाज सुनकर गौतम का भाई रितेश और बहू कनिशा पहुंची तो दोनों ने समझाने की कोशिश की। तब गौतम नाराज हो गया उसने मारपीट करते हुए रितेश के सिर में डंडे से मार दी। इस दौरान उसे चोट लग गई। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को नई गति

# नेशनल हाईवे की सड़कों पर भी चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

शहर में स्वच्छता की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए अब इंदौर के ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता अभियान को नई दिशा और गति प्रदान की जा रही है। जिला पंचायत एवं ग्राम पंचायतों द्वारा संयुक्त रूप से सक्रिय अभियान चलाते हुए शहर से लगे गांवों तथा शहर में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्गों पर विशेष साफ-सफाई कार्य प्राथमिकता से संचालित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में रविवार को कलेक्टर शिवम वर्मा ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विशेष स्वच्छता अभियान का व्यापक अवलोकन किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिले की सभी प्रमुख सड़कों पर स्वच्छता का उच्च स्तरीय रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थान पर गंदगी या कचरा दिखाई देने पर उसका तत्काल उठाव और निस्तारण सुनिश्चित हो। कलेक्टर श्री वर्मा ने अपने निरीक्षण की शुरुआत अरविंदो अस्पताल क्षेत्र से की और इसके पश्चात शहर में आने वाले विभिन्न मार्गों तथा मार्ग में स्थित गांवों के स्वच्छता अभियान की समीक्षा करते हुए धरमपुरी तक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम भांग्या में विकसित कचरा सेग्रीगेशन केंद्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने इस केंद्र की व्यवस्थाओं पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए की इस केंद्र की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए, आवश्यक सुधार किए जाएं। निर्देश दिए कि ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे कि कचरे को श्रेणीवार छांटकर विक्रय किया जा सके, जिससे पंचायत की राजस्व आय में वृद्धि हो। निर्देश दिए गए कि भांग्या में संचालित इस सेग्रीगेशन केंद्र में ऐसी व्यवस्था हो जिससे कि मगरखेड़ा और बारौली पंचायतों को भी पूरा लाभ मिले। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना जिला प्रशासन की प्रमुख प्राथमिकताओं में है तथा इस दिशा में निरंतर और प्रभावी प्रयास जारी रहेंगे

# पिता-बहन के हत्यारे को डबल उम्रकैद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिला कोर्ट ने 2 साल पहले अपने पिता और बहन के हत्यारे को दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वह हत्या के पूर्व में भी जरा-जरा सी बात पर माता-पिता और बहन के साथ मारपीट कर चुका था।**

हत्यारे बेटे का नाम पुलिन पिता कमल किशोर धामंदे (47) निवासी संवाद नगर है। घटना 7 नवंबर 2023 को स्कीम 98, वासुदेव कुटुम्बक, संवाद नगर में हुई थी। पीयूष सोलंकी नामक व्यक्ति ने संयोगितागंज थाने में



रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके ससुर कमल किशोर धामंदे और बेटी रमा अरोरा पति नवीन अरोरा और साला पुलिन धामंदे साथ में एक फ्लैट में रहते थे। पीयूष सोलंकी ने बताया कि मैंने ससुर और बेटी का हालचाल के लिए फोन लगाया तो दोनों ने नहीं उठाया। इस पर वे फ्लैट पर आए तो देखा कि रमा की गाड़ी पार्किंग में खड़ी थी। फिर वह ससुर के फ्लैट के गेट के पास पहुंचे तो बदबू आ रही थी। आवाज लगाई तो कोई आवाज नहीं आई। इस पर उन्होंने गेट का ताला तोड़ा और अंदर जाकर देखा तो कमरे में खून पड़ा था। पास ही में उनके ससुर कमल किशोर और उनकी बेटी रमा अरोरा के शव खून से लथपथ पड़े थे। इस दौरान उनका साला पुलिन फ्लैट में नहीं था। पीयूष ने पुलिस को बताया कि पुलिन सिजोफेनिया नाम की बीमारी से ग्रस्त था। उसने पहले भी आवेश में आकर कई बार अपने माता-पिता और बहन रमा के साथ मारपीट की थी। उन्हें शंका है कि उनके साले पुलिन ने ही ससुर और बेटी की हत्या की है व फ्लैट के गेट का ताला लगाकर कहीं भाग गया है। नीचे पार्किंग में देखा तो पुलिन धामंदे की स्कूटी नहीं थी। मामले में फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया। विवेचना दौरान घटनास्थल का नक्शा मौका और वैज्ञानिक साक्ष्य लिए गए। साथ ही साक्षियों के बयान लिए गए और पुलिन को गिरफ्तार किया। कोर्ट में दो साल तक सुनवाई चली।

### मंत्री विजयवर्गीय बोले-

# बिहार में 160 से ज्यादा सीटें जीतेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। राहुल गांधी जिस तरह से वोट चोरी का कहते हैं लोग उनकी बात को गंभीरता से नहीं लेते हैं। जब चुनाव के परिणाम आएंगे तो वे विदेश जाकर मुंह छुपाएंगे। उन्हें बिहार चुनाव के परिणाम पहले से ही दिख रहे हैं इसलिए पचमढ़ी आए हैं। यह बात मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार देर रात इंदौर में कही। वे इंदौर की खराब सड़कों पर हो रहे पेज वर्क के काम को लेकर मेयर पुष्यमित्र भार्गव के साथ इसका निरीक्षण कर रहे थे। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि बिहार चुनाव में भाजपा 160 सीटों से ज्यादा जीत रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को पता है कि उनकी हार है इसलिए पहले से चिल्लाना शुरू कर दिया। वे कभी ईवीएम को दोष देते हैं तो कभी वोट चोरी का कहते हैं। जब हार का पता लग जाता है तो बहाने ढूंढते हैं। क्योंकि लोग उनकी लीडरशिप पर प्रश्न चिन्ह उठाएंगे।

राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन

# समाज में सकारात्मकता का वातावरण और समरसता निर्माण करने के संदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में रविवार को राष्ट्र सेविका समिति द्वारा पथ संचलन निकाला गया। यह पथ संचलन समाज में सकारात्मकता का वातावरण और समरसता निर्माण करने के संदेश के साथ निकाला गया। पथ संचलन शाम को दशहरा मैदान से उषा नगर चौराहा, रणजीत हनुमान मंदिर, आदित्य नर्सिंग होम, नरेंद्र तिवारी मार्ग, बैंक कॉलोनी से पुनः दशहरा मैदान पर समाप्त हुआ।**



संचलन के पूर्व समिति की मालवा प्रांत कार्यवाहिका भारती कुशवाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ एवं समिति का मुख्य उद्देश्य तेजस्वी हिन्दू राष्ट्र का पुनर्निर्माण करना है। राष्ट्र शाश्वत है, चिरंतन है, परमशक्ति है। गीता में कहा गया है- 'अपेक्षा शुचिर्दक्षा', अर्थात् निर्मल मन से समाज और राष्ट्र कार्य के लिए समर्पित होना। पंच परिवर्तन को जीवन में अमल करके परिवार के साथ-साथ राष्ट्र में भी समरसता का भाव जगाना है। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना, जिससे राष्ट्र की आर्थिक स्थिति को समृद्ध और मजबूत बनाना है। हम अपने नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहे, पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करें और स्वच्छता के लिए जागरूक रहे। ये सभी कार्य न केवल हम स्वयं करें बल्कि अपने संपर्क में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को भी इस के लिए प्रेरित करें, तभी हम राष्ट्र के, भारत माता के गौरव को विश्व में पुनः प्रतिष्ठित कर सकेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं पूर्ण गणवेश में कदम से कदम मिलाकर संचलन कर रही थी। समाजजनों द्वारा जगह-जगह संचलन का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष जयश्री तराणेकर और मुख्य अतिथि डॉ. कविता कोठारी थी। कार्यक्रम में एकल गीत संजना चौधरी ने लिया। संचालन विभूति व्यास ने किया।

## पूरे प्रदेश में पेचवर्क शुरू



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि पूरे प्रदेश में पेच वर्क का काम शुरू कर दिया गया है। इंदौर में भी काम चल रहा है और यहां पर मेयर पुष्यमित्र भार्गव, जन कार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर खुद पेच वर्क की क्वालिटी देख रहे हैं। यह बात सही है कि इस बार लगातार बारिश होने से सारे प्रदेश में गड्ढे थे। लोगों को असुविधा भी हुई है, इससे इनकार भी नहीं किया जा सकता। यह काम दीपावली के पहले ही हो जाता लेकिन बारिश थमी नहीं इसलिए अब शुरू किया है। एक बार बारिश होने पर चार-पांच दिन रुकना पड़ता है इसलिए भी देरी हुई। इंदौर में एक माह में सारा पेचवर्क पूरा हो जाएगा। प्रदेश में भी तेजी से काम चल रहा है।

## तेजी से बढ़ रहा है ठंड का असर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर में इन दिनों ठंड का असर तेजी से बढ़ रहा है, खासकर रात के समय। लगातार तीसरे दिन सर्द रात ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। शनिवार रात तापमान आधा डिग्री गिरकर 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह औसत न्यूनतम तापमान से 9 डिग्री कम है। इसने पिछले 37 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। रविवार सुबह हल्का कोहरा छाया रहा, हालांकि धूप खिली रही। मौसम विभाग के अनुसार, इससे पहले 30 नवंबर को इंदौर का न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं, 2009 में 1 नवंबर को 10.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। पिछले 10 सालों में इंदौर का न्यूनतम तापमान सामान्यतः 10 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा है।

# मेट्रो स्टेशन का विरोध

## बजी 'रघुपति राघव राजाराम' की धुन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। किसी की मौत के बाद जब उसकी अंतिम यात्रा निकाली जाती है, उस वक्त बैंड पर धुन बजाई जाती है। रघुपति राघव राजाराम...। आज यही धुन छोटा गणपति मंदिर के सामने उस वक्त बजाई गई, जब यहां लोग प्रदर्शन करते हुए मेट्रो एमडी का पुतला फूंक रहे थे।**



खास बात यह है कि जो लोग विरोध कर रहे हैं, वे मल्हारगंज क्षेत्र के हैं। यहां पर मेट्रो स्टेशन बन रहा है। इसे लेकर हाल ही में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एक बड़ी बैठक ली थी। इसमें यह स्पष्ट किया गया कि मल्हारगंज में मेट्रो स्टेशन बनेगा, लेकिन एक नई टेक्नोलॉजी का उपयोग होगा और किसी का गमला तक नहीं टूटेगा। इसके बावजूद यहां के लोगों में आक्रोश है। यहां मेट्रो स्टेशन को लेकर लगातार रहवासियों-व्यापारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। रविवार को भी यहां लोगों ने प्रदर्शन किया। यहीं पास में बैंड वालों की भी दुकान लगती है। विरोध करने वालों ने इंदौर मेट्रो एमडी कृष्णा चैतन्य का पुतला बनाया, जिसके बाद यहां बैंड वालों को बुलवाया गया। जिस प्रकार अंतिम यात्रा में रघुपति राघव राजाराम की धुन बजाई जाती है, वैसी ही धुन पुतला लगाने के बाद बजवाई गई। प्रदर्शन के दौरान यहां पर रोड के किनारे एक पुतला खड़ा किया गया। लोगों ने 'हाय-हाय' के नारे लगाए। इसके बाद बैंड वाले अपने हाथों में वाद्य यंत्र लेकर पहुंचे और पुतले के पास खड़े होकर जमकर रघुपति राघव राजाराम की धुन बजाई। इस दौरान लोग 'मेट्रो प्रशासन हाय-हाय' और 'मेट्रो प्रशासन की तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाते रहे। बता दें कि इससे पहले भी व्यापारी और रहवासी प्रदर्शन कर अपना विरोध जता चुके हैं। एक तरफ जहां बैंड वाले रघुपति राघव राजाराम की धुन बजा रहे थे, वहीं दूसरी तरफ विरोध करने वाले लोगों ने पुतले पर पेट्रोल डाला और उसे फूंक दिया। गौरतलब है कि 3 नवंबर को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मेट्रो को लेकर मैराथन बैठक ली थी। इसमें उन्होंने कहा था कि एमजी रोड पर मेट्रो अंडरग्राउंड चलेगी। मल्हारगंज स्टेशन बनेगा, लेकिन यहां किसी भी मकान या दुकान को नुकसान नहीं पहुंचेगा।

## मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसम्बर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में आगामी 13 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। यह लोक अदालतकार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार आयोजित की जा रही है। बताया गया कि समस्त न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इसी के तहत मध्यप्रदेश




उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में प्रशासनिक न्यायाधिपति श्री विवेक रूसिया के निर्देशन में 13 दिसम्बर (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। प्रिंसिपल रजिस्ट्रार/सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति खण्डपीठ इंदौर के श्री अनूप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि समस्त पक्षकारों एवं अधिवक्तागण से अपील की गई है। इसके अनुसार उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से सुलह एवं समझौते के आधार पर निराकृत कराने हेतु मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर में प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, ओ.एस.डी/रजिस्ट्रार, रजिस्ट्रार (एम), संबंधित सेक्शन एवं विधिक सहायता अधिकारी, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर से संपर्क कर अपने प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखने हेतु आवेदन/सूचना दे सकते है। लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण का निराकरण होने पर शासन द्वारा अदा की गई कोर्ट फीस वापसी का भी प्रावधान है।

# डिब्बा कारोबार पर ईडी की दबिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अपराध शाखा ने बेटिंग एप मामले में फरार दो आरोपितों को झांसी (यूपी) से पकड़ा है। आरोपित डिब्बा कारोबार संचालित कर रहे थे। आरोपितों को छोड़ने के लिए पुलिस अफसरों ने खूब दबाव बनाया। लैपटाप और मोबाइल जब्ती भी रोकने का प्रयास किया।**

डीसीपी (अपराध) राजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार, पुलिस ने 4 मार्च को उषागंज (छावनी) में छापा मारकर आरोपित हिमांशु खंडेलवाल, रवींद्र गौतम, विवेक कुमार, अमित कुमार मंडल, कृष्णा कुमार, कन्हैया पांडे, निखिल खंडेलवाल, लक्की चौहान उर्फ अभिजीत, राकेश जैन और विकास बंसल को गिरफ्तार किया था। आरोपी दूसरी मंजिल स्थित फ्लैट में बैठकर बेटिंग एप वरुण ऑनलाइन हब के माध्यम से ऑनलाइन सट्टे का व्यवसाय कर रहे थे। आरोपितों ने सैकड़ों लोगों को आइडी बनाकर दे दी थी। मौके से 29 मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटाप, चेकबुक, पासबुक, एटीएम कार्ड, साढ़े छह लाख कैश और कार जब्त की। पुलिस ने फरार आरोपी हर्षवर्धन अग्रवाल उर्फ हैप्पी और विकास साहू को दबिश देकर पकड़ा। पुलिस को दोनों आरोपितों की झांसी की लोकेशन मिली थी। छापा मारा तो डिब्बा कारोबार करते हुए मिले। दबिश से अफसर और नेताओं में हड़कंप मच गया और छोड़ने के लिए दबाव बनाया गया। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने पूछताछ की और जब्त सामान कोतवाली (झांसी) पुलिस के सुपुर्द करवा दिया। पुलिस अफसरों ने तो आरोपितों को थाने से जमानत देने की पैरवी भी की।

## नवविवाहिता की मौत पति पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** हीरानगर पुलिस ने नवविवाहिता की मौत के मामले में उसके पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई जांच और परिजनों के बयान के आधार पर की है। एसीपी रुबिना मिजवानी ने बताया कि मृतका माही परमार (24) ने 5 नवंबर की रात अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन उसे तत्काल अपोलो अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। माही की शादी जनवरी 2025 में लक्ष्य गेहलोद निवासी लवकुश विहार, सुखलिया से हुई थी। जांच में सामने आया कि शादी के कुछ समय बाद से ही लक्ष्य का व्यवहार माही के प्रति असामान्य था। परिजनों का आरोप है कि वह दहेज को लेकर माही को प्रताड़ित करता था और छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करता था। माही की बहन प्राची और चाची आशा ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि लक्ष्य अक्सर दहेज को लेकर माही को ताने देता था, जिससे वह मानसिक तनाव में रहने लगी थी। पुलिस ने जांच के बाद देर रात लक्ष्य गेहलोद के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है।

# रेलवे ट्रैक के पास धधकती रही आग, गुजरती रहीं ट्रेनें

## भोपाल में 3 घंटे में काबू आई टिंबर मार्केट की आग, 40 से ज्यादा गाड़ियों ने बुझाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। भोपाल के मेन रेलवे स्टेशन इलाके के पास पात्रा पुल से लगे टिंबर मार्केट में रविवार शाम को भीषण आग लग गई। एक टॉल में लगी इस आग ने 5 से 6 टाल को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि काफी दूर से ही लपटें और धुएं के गुबार नजर आ रहे थे।**

आग शाम करीब 7.30 बजे लगी थी। इसकी सूचना मिलते ही एक के बाद एक दमकल की करीब 40 गाड़ियां मौके पर पहुंची। टीम ने करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि इसके बाद भी आग धधकती रही। कई जगहों पर धुआं उठता नजर आया। जिसे दमकलकर्मियों ने देर रात तक पूरी तरह बुझा लिया।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम, एसीपी चंद्रशेखर पांडे, डीसीपी जोन-3 अभिनव चौकसे और नगर निगम के अधिकारियों के साथ ही पुलिस और प्रशासन के कई अधिकारी भी मौके



पर डटे रहे। कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद भी मौके पर पहुंचे थे। अच्छी बात ये रही कि किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

### शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

आग लगने का कारण अभी तक सामने नहीं आया है। हालांकि, इलाके के कुछ लोग आशंका जता रहे हैं कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी। आग के कारण पात्रा पुल की तरफ आने वाली मुख्य सड़क को भारत टॉकीज और बोगदा पुल के पास से बंद कर दिया गया था। साथ ही इलाके की बिजली भी बंद कर दी गई थी।

### इधर आग, उधर गुजरती रही ट्रेनें

खास बात ये है कि जिस जगह आग लगी वो रेलवे ट्रैक से लगी है। रेलवे ट्रैक यहां के बमुश्किल 100 मीटर की दूरी पर ही है। ऐसे में आग लगने के दौरान यहां से कई ट्रेनें गुजरी। मामले में रेलवे पीआरओ नवल अग्रवाल का कहना है कि हम लगातार नजर बनाए हुए थे। अभी तक किसी भी प्रकार का रेल यातायात प्रभावित नहीं हुआ।

### कलेक्टर बोले- कोई जनहानि नहीं हुई

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि नगर निगम के दमकलों के लगातार प्रयास से आग पर काबू कर लिया गया। अधिकारी भी मौके पर थे। कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने की वजह पता की जा रही है।

## 'भारत गोल्फ महोत्सव' में शामिल हुए अभिनेता रणदीप हुड्डा




**जबलपुर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर में पहली बार 'भारत गोल्फ महोत्सव' का आयोजन किया गया। रविवार को इस राष्ट्रीय स्तर की गोल्फ प्रतियोगिता में फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा सहित कई राष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल हुए। शहर के आर्मी एरिया में आठ और 9 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम को लेकर रणदीप हुड्डा ने खुशी जाहिर की। खिलाड़ियों के साथ गोल्फ का आनंद लेते हुए रणदीप हुड्डा ने कहा कि इस खेल को एलीट क्लास से निकलकर गांव तक पहुंचाने का मिशन और मेक इन इंडिया को प्रमोट करने का उद्देश्य के साथ संस्कृति एनवायरमेंट और युवाओं को जागरूक करने की इस खेल के जरिए कोशिश की जा रही है।

## स्कॉर्पियो ने 4 को कुचला : मरने वाले तीन लोग एक ही परिवार के

**रीवा, एजेंसी।** रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत तेंदुआ कोठार में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क पार कर रहे चार लोगों को कुचल दिया। चारों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक तीन लोग पैदल सड़क पार कर रहे थे। जबकि एक व्यक्ति बाइक पर जा रहा था। घटना रविवार शाम की है। हादसे के बाद तीन शव काफी देर तक सड़क पर ही पड़े रहे। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही गढ़ और मनगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतकों के नाम रामनरेश साकेत, रुचि साकेत और रंजना साकेत बताए गए हैं। ये तीनों एक ही परिवार के बताए गए हैं।

## एफआईआर नहीं लिखी तो टंकी पर चढ़ी महिला

**शिवपुरी, एजेंसी।** शिवपुरी जिले के खनियाधाना कस्बे में रविवार दोपहर एक रेप पीड़िता न्याय की मांग को लेकर थाने के पास बनी पानी की टंकी पर चढ़ गई। महिला का आरोप था कि उसकी शिकायत को पुलिस गंभीरता से नहीं ले रही और दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज नहीं किया जा रहा। करीब डेढ़ घंटे तक चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश और तुरंत कार्रवाई के आश्वासन पर महिला नीचे उतरी। पुलिस ने आरोपी मोहर सिंह जाटव के खिलाफ रेप का केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## 'एसआईआर के लिए जाएं बीएलओ तो पूछ लें- कुत्ता बंधा है क्या'



**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल में दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में एक मतदाता घर गणना पत्रक देने गए बीएलओ पर कुत्ते ने हमला कर दिया। इस दौरान कुत्ते ने उनके पैर में काट लिया, इससे वह घायल होने के साथ ही भयभीत हो गए। इस घटना के बाद से अधिकारियों ने बीएलओ से कहा है कि कुत्ते बंधे है या नहीं, इसकी जानकारी मतदाता से पहले पुख्ता कर लें, तभी घरों में जाएं। दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 63 के बीएलओ कैलाश केदार गुरुवार को गणना पत्रक वितरित करने का काम कर रहे थे। वह कोटरा सुल्तानाबाद वैशाली नगर स्थित मकान नंबर पांच अधिवक्ता के घर पहुंचे थे। यहां उन्होंने मतदाता से पूछा कि उनके घर कुत्ते तो नहीं है, ऐसे में मना कर दिया गया। इससे वह गणना पत्रक लेकर घर के अंदर पहुंचे ही थे कि वहां पहले से मौजूद कुत्ते ने बीएलओ पर हमला कर दिया। कुत्ते ने उनके पैर में काट लिया, उन्होंने बमुश्किल अपनी जान बचाई और बाहर आ गए।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में माता जानकी के दर्शन कर की पूजा-अर्चना

### प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बिहार के सीतामढ़ी में माँ जानकी की जन्म स्थली पुनौरा धाम के मंदिर में जानकी मैया के दर्शन कर पूजा अर्चना की।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर में जानकी मैया की आरती कर आसमान भी किया। उन्होंने मध्यप्रदेश के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंदिर परिसर में पुजारियों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने पारम्परिक तरीके से पगड़ी पहनाकर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत-अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की जानकारी भी प्राप्त की और कहा कि माता जानकी की यह जन्म स्थली (पुनौरा धाम) भारतीय संस्कृति, आस्था और स्थापत्य कला का अद्भुत संगम है। उन्होंने कहा कि माता जानकी समर्पण और त्याग की प्रतिमूर्ति थीं। उनके चरणों में मध्यप्रदेश की जनता की की ओर से प्रणाम कर सभी के मंगल की कामना करता हूँ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन पर मंदिर परिसर में बडी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे। सभी ने माता जानकी का जयघोष किया। पुनौरा धाम में दर्शन-पूजन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता जानकी की जन्म स्थली के दर्शन का सौभाग्य मिला है। यह स्थान भगवान श्रीराम के रामराज्य का समय, माता सीता से स्वयंवर तथा विवाह के बाद इस स्थान से अयोध्या जाने का स्मरण कराता है। हमें भगवान श्री राम के जीवन से प्रेरणा मिलती है। माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अयोध्या में हिंदु-मुस्लिम सभी भाईयों ने मिलकर श्री राम का भव्य मंदिर बनवाया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में धार्मिक पर्यटन को कैसे बढ़ाया जा सकता है, यह हमने काशी, अयोध्या, प्रयागराज और उज्जैन में भी देखा है। बाबा महाकाल के महालोक से हर वर्ग का कल्याण हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सीतामढ़ी में जनकपुरी धाम के निर्माण के लिए राशि मंजूर की है, इससे पूरा क्षेत्र और बिहार सांस्कृतिक मूल्यों से समृद्ध होते हुए स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बिहार की धरती सम्राट अशोक के काल से सदैव लोगों को आकर्षित करती रही है। इसी धरती पर भगवान श्री कृष्ण के पुत्र साम्ब ने भव्य सूर्य मंदिर बनाया था। बिहार और मध्यप्रदेश का संबंध हर कालखंड में प्रगाढ़ रहा है। दोनों ही राज्यों में डबल इंजन की सरकार गरीब, किसान, युवा और नारी सहित हर वर्ग का कल्याण करते हुए आगे बढ़ रही है।

## धीरेंद्र शास्त्री-अनिरुद्धाचार्य यात्रा में साथ-साथ, 51 जेसीबी से बरसाए फूल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खजुराहो, एजेंसी। बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के नेतृत्व में 'हिंदू सनातन एकता पदयात्रा 2.0' का रविवार को तीसरा दिन है। दिल्ली से शुरू हुई यात्रा हरियाणा होते हुए वृंदावन की तरफ बढ़ रही है। कथावाचक अनिरुद्धाचार्य रविवार को यात्रा में शामिल हुए।**

धीरेंद्र शास्त्री के साथ भजन में झूमते नजर आए। भगवा ध्वज भी लहराया। दोनों कथावाचक हाथ पकड़कर चलते हुए दिखे। आज शाम को यह यात्रा फरीदाबाद में करीब 15 किलोमीटर चलकर सीकरी स्थित शगुन गार्डन पहुंचेगी। पंडित धीरेंद्र शास्त्री बोले- देश की सेना का सम्मान करो, जात-पात की करो विदाई हम सब हिंदू भाई-भाई। आगे उन्होंने कहा कि यह देश बाबर का नहीं, रघुवर का है। इसलिए हिंदुओं को एकजुट होकर जागना होगा। हिंदुओं एक हो जाओ जाग जाओ। पंडित शास्त्री और आचार्य अनिरुद्धाचार्य महाराज जी ने यात्रा में शामिल सनातनियों को राष्ट्रगान के साथ हिंदू राष्ट्र की शपथ दिलाई। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और कथावाचक अनिरुद्धाचार्य दोनों सड़क पर बैठकर पूड़ी और आलू की सब्जी खाते दिखे। इस दौरान धीरेंद्र शास्त्री संतों को पूड़ी में सब्जी परोसते नजर आए।

## संपादकीय

# जाति जनगणना से ही देश की पूरी समस्या हल होगी, ये कहना मूर्खता...

बिहार चुनाव में दूसरे चरण के मतदान के ठीक पहले जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने समाचार एजेंसी एएनआई को इंटरव्यू दिया है। उन्होंने इस इंटरव्यू में जातिगत जनगणना से लेकर आरक्षण पर कई अहम बातें कहीं। प्रशांत किशोर ने कहा कि सभी इस बात पर सहमत हैं कि जाति जनगणना होनी चाहिए। लेकिन ये सोचना कि सिर्फ जाति जनगणना से ही देश की पूरी समस्या हल हो जाएगी, ये कहना बहुत बड़ी मूर्खता है। बिहार में भी एक सर्वे हुआ था, लेकिन बताइए, इससे बिहार में क्या बदला? रिपोर्ट का निष्कर्ष ये है कि अनुसूचित जाति के 3% बच्चे 12वीं कक्षा पास कर रहे हैं। अति पिछड़ा समाज और मुस्लिम समुदाय के 7% से भी कम लोग 12वीं कक्षा पास कर रहे हैं। बिहार के सिर्फ 15% लोग ही 12वीं कक्षा पास कर रहे हैं। इन बुनियादी मुद्दों पर बात करने की बजाय आप सीधे कह रहे हैं कि आरक्षण बढ़ाओ या घटाओ। मैं कह रहा हूं कि आपको आरक्षण 100% बढ़ाना चाहिए लेकिन राज्य के वंचितों और छात्रों के बुनियादी मुद्दों का समाधान तो कीजिए। प्रशांत किशोर ने कहा कि सरकार का हिस्सा बनने का सवाल ही नहीं उठता। या तो हम अपनी सरकार बनाएंगे, या बाहर बैठेंगे। जरूरत पड़ी तो दोबारा चुनाव कराएंगे। हम विचारधारा के आधार पर भाजपा के खिलाफ हैं... हम महात्मा गांधी और बाबासाहेब अंबेडकर की शिक्षाओं के साथ आगे बढ़ेंगे। प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि हमने जन सुराज के निर्माण में अपना खून-पसीना एक कर दिया है और बदलाव दिखने लगा है, तो चलिए नतीजों का इंतजार करते हैं। जब नतीजे आएंगे, तो सबसे बुरा क्या हो सकता है? हो सकता है कि इस बार जन सुराज को उतनी सीटें न मिलें, फिर हम अगले पांच साल काम करेंगे। इतनी जल्दी क्या है? मैं 48 साल का हूं, मैं इस काम के लिए 5 साल और दे सकता हूं। प्रशांत किशोर ने कहा कि मैं पूंजी समर्थक हूं और पूंजी का स्वागत करता हूं। हमारा मूल विश्वास यह है कि पूंजी सिर्फ कुछ उद्योगपतियों से नहीं आती। पूंजी लोगों के हाथों में आनी चाहिए और उपभोग बढ़ना चाहिए। मैं समाज के नाम पर बिहार में गरीबी को बांटना नहीं चाहता हूं। मैं पूंजी का निर्माण होते देखना चाहता हूं। प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि हम किसी का झंडा लेकर घूमने के लिए पैदा नहीं हुए हैं। मैंने जिनके साथ भी काम किया, थोड़े समय के लिए ही काम किया। यह मेरी अपनी यात्रा है। उस यात्रा में बीच-बीच में लोग मिलेंगे, लेकिन वह हमारी मंजिल नहीं थी, न है और न ही होगी।

OSHO कहिन

"सच्ची खुशी आज़ादी में है, और आज़ादी का मतलब है बिना डर के जीना।"



सैर सपाटा

## वीकेंड ट्रिप के लिए बेस्ट है

# भरतपुर नेशनल पार्क

## रंग-बिरंगे पक्षियों के बीच मिलेगा सुकून

दिल्ली और आसपास के एरिया में रहते हैं। हर दिन 9-5 जॉब करते हैं। वीकेंड फैमिली और दोस्तों के साथ कुछ समय सुकून के बिताना चाहते हैं। तो भरतपुर बर्ड संेचुरी बेस्ट डेस्टिनेशन हो सकती है। जहां पर जंगलों के बीच आपको पक्षियों के नजारों के साथ ही जंगल वाला एकांत भी मिलेगा। जहां पर आप भरपूर समय गुजारकर खुद को फिर से फ्रेश और एनर्जेटिक बना सकते हैं। भागदौड़ भरी लाइफ से कुछ समय खुद के और फैमिली के लिए निकालना चाहते हैं तो ये जगह काफी सारी टूरिस्ट की पसंदीदा बन जाती है। जहां पर आपको शानदार नजारे देखने को मिलते हैं।



### ● भरतपुर बर्ड सेंचुरी जाने का समय

भरतपुर बर्ड सेंचुरी का असली नाम केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान है। जो कि भरतपुर जिला राजस्थान में बना हुआ है। वीकेंड ट्रिप के लिए दिल्ली के आसपास की जगहों में ये नेशनल पार्क भी टॉप पर रहता है। जहां पर आप फैमिली के साथ आराम से टाइम स्पेंड कर सकते हैं। खासतौर पर अक्टूबर से लेकर मार्च तक का समय बेस्ट माना जाता है। इस वक्त पर यहां लोकल बर्ड के अलावा माइग्रेटेड पक्षी भी आते हैं। जिन्हें देखने के ये समय बेस्ट होता है।

### ● भरतपुर बर्ड सेंचुरी में देखने के लिए क्या है

भरतपुर बर्ड सेंचुरी में देखने के लिए प्रवासी पक्षियों में साइबेरियन सारस, बार हेडेड गीज, पेलिकन और पेंटेड स्टार्क आते हैं। साथ ही लोकल पक्षियों की ढेर सारी वैराइटी भी देखने को मिलती है। पक्षियों के अलावा यहां पर अजगर, मॉनिटर छिपकलियां, कुछ वाइल्ड कैट, गोल्डन सियार, जंगली सुअर, सांभर हिरण, चितल हिरण भी देखे जा सकते हैं। कई सारी कछुओं की वैराइटी भी यहां देखने को मिलती है।

### ● भरतपुर में और भी जगहों पर करें सैर

भरतपुर में नेशनल पार्क के अलावा लोहागढ़ फोर्ट भी टूरिस्ट प्लेस है। जहां पर टूरिस्ट इस किले की शानदार डिफेंस क्वालिटी देखने आते हैं। इसके अलावा बांके बिहारी मंदिर, भरतपुर पैलेस और म्यूजियम भी सैर करने वाले प्लेसेज हैं। भरतपुर में बने गंगा मंदिर को टूरिस्ट इसके अनोखे इतिहास की वजह से देखने के लिए पहुंचते हैं, जो कि करीब 90 साल पुराना है। लक्ष्मण मंदिर, गर्वनर्मेंट म्यूजियम भी देखने के लिए टूरिस्ट जाते हैं।

### ● कैसे पहुंचे भरतपुर

भरतपुर रेलवे स्टेशन सभी प्रमुख स्टेशनों से पूरी तरह से कनेक्टेड है। दिल्ली से भरतपुर जाने के लिए ट्रेन पकड़ना सुविधाजनक हो सकता है। मात्र ढाई घंटे में आप यहां आराम से पहुंच सकते हैं। वहीं दिल्ली से बस और प्राइवेट कैब के जरिए भी भरतपुर पहुंचा जा सकता है। दिल्ली से भरतपुर की दूरी 236 किमी है।

Bihar

# पटना में बड़ा हादसा : घर की छत गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत, मौके पर अफरातफरी

**पटना, (एजेंसी)** पटना जिले के दानापुर दियारा अंतर्गत अकीलपुर थाना क्षेत्र के मानस पंचायत स्थित मानस नया पानापुर गांव में घर की छत गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों कहना है कि घर के सभी लोग सो रहे थे, अचानक छत भरभरा कर गिर गई। इसमें तीन बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इधर, छत गिरने की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मरने वालों की पहचान बबलू (36) उसकी पत्नी रोशन खातून (32) बेटी रुखसार (12) चांदनी (2) और बेटे चांद (10) के रूप में हुई। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उनका कहना है की रोजाना की तरह पूरा परिवार खाना खाकर सो रहा था, इसी दौरान यह घटना हुई। हादसा इतना भीषण था कि परिवार के सभी पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

इधर, स्थानीय लोगों कहना है कि कुछ साल पहले ही बबलू को यह मकान आवास योजना के तहत मिला था। किसी को अंदाजा नहीं था कि यह मकान इतना कमजोर होगा। बबलू आर्थिक तंगी के कारण मकान की मरम्मत नहीं करवा पा रहा था। लोगों ने प्रशासन से अपील है कि वह इस मामले को गंभीरता से ले और पूरी घटना की जांच करे।

Maharashtra

## पत्नी के फोन से दोस्त को भेजा I Love You, फिर मार डाला, दगाबाज पति की गंदी साजिश

**पुणे, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के पुणे से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक शख्स ने पत्नी की हत्या कर दी। इतना ही नहीं हत्या के बाद पत्नी के अवैध संबंधों की झूठी कहानी गढ़ने की भी कोशिश की। हालांकि, पुलिस की छानबीन में आरोपी की पोल खुल गई। आरोपी का कहना है कि उसने बॉलीवुड फिल्म दृश्यम देखकर इस वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी का नाम समीर जाधव है और मृतका की पहचान 38 साल की अंजली जाधव के तौर पर हुई है। अंजली एक निजी स्कूल में पढ़ाती थीं। दोनों की साल 2017 में शादी हुई थी और उनके 2 छोटे बच्चे भी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी ने पुलिस को बताया है कि वह 26 अक्तूबर को किराये के गोडाउन दिखाने का कहकर लेकर गया था।

उसने पुलिस को बताया है कि अंदर जाने के बाद समीर ने अंजली का गला दबा दिया। इसके बाद उसने पहले से ही तैयार एक भट्टी में उसे झोंक दिया और राख को नदी में बहा दिया। खास बात है कि वारदात के दौरान आरोपी के बच्चे दीवाली की छुट्टियों में गांव गए हुए थे।

जांच में जुटी पुलिस को शुरुआत में लगा कि समीर ने अवैध संबंधों के शक में पत्नी की हत्या कर दी, लेकिन जांच में सामने आया कि वह खुद ही किसी महिला के साथ रिश्ते में था। आरोपी ने इसके लिए अंजली के फोन से ही अपने एक दोस्त को I Love You लिखकर मैसेज भेज दिया और खुद ही रिप्लाई भी कर दिया।

वारदात को अंजाम देने के बाद समीर ने पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई। इतना ही नहीं वह परेशान होने का दिखावा करते हुए बार-बार पुलिस स्टेशन जाता रहा। इस दौरान पुलिस को उसके बर्ताव पर शक हुआ।

Uttarpradesh

## हॉस्टल के पास चोरी- चोरी मुलाकात और खूनी खेल... गर्लफ्रेंड को सरेराह गोली मारकर खुद किया सुसाइड

**झांसी, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के झांसी में रविवार दोपहर एक युवक ने पहले प्रेमिका को गोली मारी और फिर खुद को गोली मार ली. गोली लगने पर प्रेमी की मौत हो गई जबकि प्रेमिका घायल है जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. प्रेमिका यूनिवर्सिटी में MBA की छात्रा बताई जा रही है और दोनों ललितपुर जिले के रहने वाले हैं. घायल प्रेमिका का नाम कार्तिका चौबे और प्रेमी का नाम मनीष साहू था. युवती यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रहती थी. रविवार दोपहर में दोनों यूनिवर्सिटी हॉस्टल के पास आये हुए थे और आपस मे बातचीत कर रहे थे. इसी दौरान मनीष ने अचानक कृतिका को गोली मार दी. इसके बाद उसने खुद को भी उसी तमंचे से गोली मार ली. गोली चलने की आवाज सुनकर वहां अफरा तफरी मच गई. सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, और राहगीरों की मदद से दोनों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया. डॉक्टरों ने मनीष को मृत घोषित कर दिया जबकि कृतिका की हालत गंभीर होने पर इलाज शुरू कर दिया गया है. घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है.

Gujrat

## फरीदाबाद में डॉक्टर के घर मिला 300 किलो RDX, एके-47 और भारी मात्रा में कारतूस भी बरामद

**फरीदाबाद/अहमदाबाद, (एजेंसी)** देश में आतंकी वारदात को अंजाम देने की बड़ी साजिशों का पर्दाफाश हुआ है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद में छापेमारी कर एक डॉक्टर के घर से 300 किलोग्राम आरडीएक्स, एके-47 और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए। वहीं, गुजरात एटीएस ने रासायनिक जहर से हमले की योजना बना रहे एक डॉक्टर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

सूत्रों के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कुछ दिन पहले फरीदाबाद जिले में छापेमारी की थी। इस दौरान एक कश्मीरी डॉक्टर को हिरासत में लिया था। उसका नाम मुजाहिल शकील बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, रविवार को जम्मू-पुलिस ने डॉक्टर की निशानदेही पर 300 किलोग्राम आरडीएक्स, एके -47 राइफल, 84 कारतूस, पांच लीटर केमिकल बरामद किया। बरामद सामान की संख्या 48 बताई जा रही है। पुलिस इस मामले में सोमवार को खुलासा कर सकती है।

खुफिया ब्यूरो की टीम भी इस मामले की जांच में जुटी हुई थी। छापेमारी के बाद जम्मू एवं कश्मीर पुलिस ने स्थानीय पुलिस से संपर्क किया। हालांकि, स्थानीय पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। सूत्रों का कहना है कि रविवार सुबह 10-12 पुलिस की गाड़ियां एक कमरे के सामने पहुंचीं थीं। इस दौरान पुलिस की हिरासत में डॉक्टर था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने यहां से 14 बैग बरामद किए जो देखने में काफी भारी महसूस हो रहे थे। सूत्रों के अनुसार, डॉक्टर ने करीब तीन माह पहले यह कमरा किराये पर लिया था। डॉक्टर ने कमरे के मालिक को बताया था कि इस कमरे में सिर्फ उसका सामान रहेगा।

खेल

### जोकोविच ने एटीपी फाइनल्स से नाम वापस लिया

# रिबाकिना ने सबालेंका को हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीता

**नई दिल्ली। दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ियों में शुमार नोवाक जोकोविच ने एथेंस में शानदार जीत दर्ज करने के कुछ ही घंटों बाद एटीपी फाइनल्स से नाम वापस लेकर फैंस को चौंका दिया।**

जोकोविच ने इटली के लोरेंजो मुसेटी को तीन घंटे चले रोमांचक मुकाबले में 4-6, 6-3, 7-5 से हराकर हेलैनिक चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। यह उनके करियर का 101वां खिताब और हार्ड कोर्ट पर 72वां रिकॉर्ड टाइटल था, जिससे उन्होंने रोजर फेडरर को पीछे छोड़ दिया।

हालांकि, जीत के बाद जोकोविच ने सोशल मीडिया पर घोषणा की, 'मुझे दुख है कि मुझे चल रही चोट की वजह से एटीपी फाइनल्स से हटना पड़ रहा है। स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी होगी।' इस फैसले के बाद मुसेटी अब उनकी जगह ट्यूरिन (इटली) में खेले जाने वाले एटीपी फाइनल्स में शामिल होंगे। जोकोविच पहले भी 2024 में चोट के कारण यह टूर्नामेंट मिस कर चुके हैं। 38 साल के जोकोविच ने कहा कि यह मुकाबला बेहद थकाने वाला था, लेकिन खुद पर गर्व है कि ऐसे कठिन मैच को जीत सका।

यह मुकाबला कई बार ब्रेक से भरा रहा और आखिरी सेट में पांच बार सर्विस टूटने के बाद जोकोविच ने सर्विस विनर से जीत पक्की की। इस जीत के साथ उन्होंने एक बार फिर साबित किया कि उम्र उनके लिए केवल एक संख्या है, लेकिन लगातार चोटें अब उनके करियर की सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी हैं।





### रिबाकिना ने सबालेंका को हराकर रचा इतिहास

महिला टेनिस में इस हफ्ते की सबसे बड़ी खबर रही एलेना रिबाकिना की ऐतिहासिक जीत। रियाद (सऊदी अरब) में खेले गए WTA फाइनल्स में रिबाकिना ने विश्व नंबर-एक सबालेंका को 6-3, 7-6 (0) से हराकर खिताब जीता। कजाखस्तान की 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारा (5-0) और इस जीत के साथ उन्होंने महिला खेल इतिहास की सबसे बड़ी इनामी राशि 5.23 मिलियन डॉलर हासिल की। रिबाकिना ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन करते हुए इगा स्वियातेक, अमांडा एनिसिमोवा, और जेसिका पेगुला जैसी दिग्गजों को हराया। रिबाकिना ने मैच के बाद कहा, 'मुझे उम्मीद नहीं थी कि इतना आगे जाऊंगी। यह हफ्ता अविश्वसनीय रहा।'

सिनेमा

## यामी-इमरान की फिल्म को वीकेंड पर हुआ फायदा, रविवार को की पहले दिन से दोगुनी कमाई



यामी गौतम और इमरान हाशमी की फिल्म हक ऑडियंस के बीच सुर्खियां बटोर रही है। कोर्टरूम ड्रामा पर आधारित इस फिल्म को पहले से लेकर वीकेंड तक स्थि2 बनी हुई है। शाह बानो केस से प्रेरित इस संवेदनशील और भावनात्मक कहानी ने ऑडियंस के दिल को छुआ है, जिसका सीधा असर फिल्म के कलेक्शन पर दिखाई दे रहा है। यामी गौतम और इमरान हाशमी की इंटेंस एक्टिंग को भी ऑडियंस खूब सराह रही है। एक छोटे बजट की इस फिल्म ने सोनाक्षी सिन्हा की जटाधारा से बेहतर कमाई की है। हक फिल्म ने पहले वीकेंड में अपनी कमाई की रफ्तार को बनाए रखा है। फिल्म ने शुक्रवार को 1.75 करोड़ की ओपनिंग के साथ धीमी शुरुआत की थी, लेकिन शनिवार को इसमें 91% से अधिक की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई और इसने 3.35 करोड़ का कलेक्शन किया, रविवार, यानी तीसरे दिन के हक ने लगभग 3.75 करोड़ की कमाई की है, जो शनिवार की कमाई से भी ज्यादा है। इस तरह, फिल्म का पहले तीन दिनों का कुल कलेक्शन लगभग 8.85 करोड़ तक पहुंच गया है।

## Highlights

1. Video of staff throwing garbage out of moving train sparks outrage, Railways responds
2. Indian-origin man, having govt job in US, asked about Mamdani by masked agents
3. BJP shares 'No Chair November' AI video targeting K'taka CM, Dy CM
4. TN doctor detained at Russian airport, wife seeks help from govt
5. National flag 1st proposed as Bhagwa, but Gandhi suggested Tricolour: RSS Chief

# Lenskart set for muted listing today as The Great Valuation Debate heats up

**NEW DEIHI, (Agency).** The grey market premium for shares of Lenskart Solutions Ltd. has crashed ahead of a listing today, even as co-founder and 'Shark Tank India' judge Peyush Bansal said he didn't build the company to reach a valuation.



At 5:55 am on Monday (10 November 2025), the Lenskart GMP stood at ₹10 over and above the IPO price of ₹402, implying a listing-day gain of 2.49% It had fallen for three straight days following the allotment of shares on 6 November. That's a dramatic reversal from the 25% listing gain implied before the IPO. To be sure, GMP is a signal, not a guarantee. It reflects what traders are willing to pay for an IPO-bound stock in the unofficial market—it doesn't guarantee listing day gains. GMP can swing dramatically as it's detached from fundamentals of a stock. Lenskart IPO Review- By 4 November 2025, the three-day Lenskart IPO was subscribed 28.27 times, despite a price-to-earnings ratio of 238:1—meaning, the company wants its investors to pay ₹238 for every rupee earned. The QIB portion received 40.36 times demand, reflecting confidence in the company's business model. The retail-investor portion was subscribed 7.56 times.

Still, the GMP has fallen to ₹10/share. Stock market observers attribute the crash to valuation concerns and general weakness in the secondary market. Adding pressure to the pre-debut narrative is the adverse stance taken by some institutional analysts. Lenskart Valuation- Ambit Capital was among the first major brokerages to issue a "sell" rating on Lenskart just days before the listing, setting the target price at ₹337—a downside of nearly 16% from the IPO price of ₹402. The commentary hinges on what Ambit calls "stretched valuations". While acknowledging Lenskart's strong brand and projected CAGR of 20% through FY28, the brokerage pointed out that the company's current market-implied valuation is significantly higher than those of established and capital-efficient peers like Nykaa, Trent and Titan's eyewear business.

# Hindalco Q2 Results: Profit up ~20% as higher commodity prices offset US tariff impact on Novelis

**NEW DEIHI, (Agency).** Hindalco Industries Ltd.'s quarterly income rose by nearly a fifth in July-September 2025, as higher commodity prices offset tariff impact on US subsidiary Novelis.

Consolidated net profit of India's biggest aluminium producer rose 18.4% over the year-ago period to ₹4,741 crore in three months ended 30 September, on revenue that increased 2.8% year-on-year to ₹66,058 crore, according to an exchange filing on Friday (7 November 2025).



Hindalco Q2 Results FY26 (Consolidated, YoY)

Revenue up 2.8% at ₹66,058 crore

EBITDA up 13.4% at ₹8,966 crore

EBITDA margin up 130 bps at 13.6%

Net profit up 18.4% at ₹4,741 crore

One basis point is one-hundredth of a percentage point.

Separately, the Aditya Birla Group company announced a plan to increase the production capacity at subsidiary Aditya Aluminium's plant in Sambalpur, Odisha, at a cost of ₹10,225 crore. That kind of spending with increase the existing capacity of 370 kilotonnes to 563 kilotonnes of aluminium by FY29.

# आरक्षक बनकर युवती से ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने शनिवार को एक जालसाज को गिरफ्तार किया है, जिसने खुद को पुलिस आरक्षक बताकर युवती से आरक्षक भर्ती में बिना परीक्षा नौकरी दिलाने के नाम पर 6 लाख रुपए की मांग की थी।**

युवती ने क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, आरोपी के साथ हुई रिकॉर्डेड बातचीत और व्हाट्सऐप चैट भी पुलिस को सौंपी। शिकायत के आधार पर क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि देवास की रहने वाली एक युवती इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। उसे एक व्यक्ति ने कॉल कर खुद को पुलिस आरक्षक बताया और कहा कि वह बिना परीक्षा दिए आरक्षक पद पर नौकरी दिला सकता है। इसके एवज में उसने 6 लाख रुपए की मांग की। युवती को शक हुआ, तो उसने उसकी बातों की ऑडियो रिकॉर्डिंग की और व्हाट्सऐप चैट के स्क्रीनशॉट



क्राइम ब्रांच को उपलब्ध कराए। शिकायत मिलने पर क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को मामला दर्ज किया और आरोपी की जानकारी जुटाई। जांच में पता चला कि आरोपी का नाम अजय पाटीदार निवासी बागली, देवास है। तकनीकी सबूतों और साइबर टीम की मदद से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एडिशनल डीसीपी दंडोतिया ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया। अजय 10वीं तक पढ़ा है और खेती करता है। वह सोशल मीडिया पर युवतियों से दोस्ती करने के उद्देश्य से बातचीत करता था और उन पर अच्छा प्रभाव डालने के लिए खुद को पुलिस आरक्षक बताता था। इस मामले में भी उसने युवती से दोस्ती बढ़ाने के बाद यह पता लगाया कि वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। इसका फायदा उठाकर उसने युवती को बिना परीक्षा नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोपी आदतन अपराधी है। उस पर पहले भी दो मामले एक गैंबलिंग एक्ट और दूसरा आर्म्स एक्ट में देवास जिले में दर्ज हैं। इसके अलावा आजाद नगर थाना, इंदौर में भी उस पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस उससे पूछताछ कर अन्य मामलों की जानकारी जुटा रही है।

## गर्लफ्रेंड से छेड़छाड़ का विरोध किया था...

**फीनिक्स मॉल में नाबालिग को पीटा, कपड़े फाड़े**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** फीनिक्स मॉल में एक कंसर्ट के दौरान नाबालिग लड़के के साथ मारपीट की गई। बताया जा रहा है कि कंसर्ट में शराब भी परोसी जा रही थी। नाबालिग और उसके साथ गई गर्लफ्रेंड ने भी ड्रिंक कर रखा था। जानकारी के मुताबिक इसी दौरान लड़की के साथ वहां मौजूद कुछ युवकों ने छेड़छाड़ कर दी। नाबालिग ने इसका विरोध किया तो बदमाश उस पर टूट पड़े और जमकर पीटा। कुछ लोगों ने मारपीट का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इस मामले में अब तक FIR दर्ज नहीं की गई है। कनाड़िया इलाके में स्थित फीनिक्स मॉल में शनिवार रात 'सीधे मौत' रैपर का कंसर्ट था। यहां कई युवा पहुंचे थे। कंसर्ट में पीड़ित 17 वर्षीय लड़का अपनी एक दोस्त के साथ पहुंचा था। दोनों नशे में थे। इसी दौरान छेड़छाड़ का विरोध करने पर वहां मौजूद अन्य लड़कों ने उससे भी मारपीट की। उसके कपड़े फाड़ दिए। इस दौरान यहां मौजूद बाउंसरों ने सभी को अलग किया। इसके बाद नाबालिग और युवती वहां से चले गए। नाबालिग लड़का एक निजी स्कूल में 12वीं का छात्र है।

## साइकिल से गिरा मासूम, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बाणगंगा क्षेत्र में दो साल का बच्चा छोटी साइकिल से मुंह के बल गिर गया। हादसे में उसके सिर और मुंह पर अंदरूनी चोट लग गई। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे



निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां शनिवार रात में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक, मृतक बच्चे का नाम अयांश (2 वर्ष) पुत्र गोपाल शाह, निवासी गोविंद कॉलोनी है। शनिवार रात करीब 12 बजे बच्चे की निजी अस्पताल में मौत हो गई। पिता गोपाल ने बताया कि शनिवार सुबह वह काम पर चले गए थे। घर पर पत्नी खुशबू, एक साल का छोटा बेटा और अयांश मौजूद थे। अयांश साइकिल पर खेल रहा था। खेलते समय साइकिल आगे बढ़ाते हुए वह चौखट के पास पहुंचा और सिर के बल जमीन पर गिर गया। गिरने के बाद वह कुछ देर रोया और फिर सो गया। करीब एक घंटे बाद जब उसकी नींद खुली, तो उसे उल्टियां होने लगीं और हाथ-पैर सुन्न पड़ गए। मां खुशबू ने पड़ोसियों से मदद मांगी और बच्चे को निजी अस्पताल ले जाया गया।

Confidential Investigation & All type of Detective Services

DETECTIVE GROUP

+91-91110 50101

★ Spousal (or) Pre-Matrimonial check
★ Post-Marital Check
★ Individual Character (Personal Cases)
★ Missing Persons Investigation
★ Financial Services Industry
★ Background Investigation
★ Attomeys& Legal Services
★ Investigation (Audio / Video)
★ Bussiness Partners, Bussiness & Corporate
★ Real Estate Fraud Investigation
★ Corporate & Financial Investigation Services
★ Spousal (or) Matrimonial Affair During Divorce of Spouse
★ Human Resource Professionals Investigation / Shadowing
★ Individual Clients Missing / Kidnapped
★ Background Investigation
★ Criminal Record Check
★ Cyber Fraud Investigation
★ Forensic Investigation & Documents, Handwriting Check

पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक